संख्या–584 / सत्तर–4–2020–4(24) / 2019

प्रेषक,

सर्वेश कुमार सिंह,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

कुलसचिव,
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

उच्च शिक्षा अनुभाग–4

लखनऊ : दिनांक 03 सितम्बर, 2020

विषयः–वित्तीय वर्ष 2019–20 में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना हेतु स्वीकृत अनुदान के उपयोग की अवधि बढाये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या–आर0 / 812 / 20 / विकास / 2019, दिनांक 13.05.2020 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त पत्र में उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरांत वित्तीय वर्ष 2019–20 में लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस योजना के अंतर्गत शासनादेश संख्या–5 / 2020 / 35 / सत्तर–4–2020–4(24) / 2019 दिनांक 03.03.2020 एवं शासनादेश संख्या–66 / 2019 / 869 / सत्तर–4–2019–4(24) / 2019 दिनांक 26.12.2019 द्वारा स्वीकृत धनराशि कमशः रू0 18.00 लाख एवं रू0 103.00 लाख की धनराशि का उपयोग वित्तीय वर्ष 2020–21 में किये जाने की अनुमति निम्नलिखित शर्तों के अधीन प्रदान की जाती हैः–

(1) उपरोक्त धनराशि का उपयोग सेंटर ऑफ एक्सीलेंस योजना के दिशा–निर्देशों तथा उक्त शासनादेश दिनांक 03.03.2020 एवं 26.12.2019 में निहित शर्तों / दिशा–निर्देशों के अनुसार किया जाएगा।

(2) व्यय प्रबंधन एवं मितव्ययिता के संबंध में वित्त विभाग द्वारा समय–समय पर निर्गत आदेशों, सुसंगत वित्तीय नियमों एवं स्टोर पर्चेज आदि का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

(3) यदि वित्तीय वर्ष 2020–21 की समाप्ति पर स्वीकृत धनराशि का कोई अंश बचता है, तो वित्तीय वर्ष के अंतिम माह मार्च में शासन को समर्पित किया जाएगा।

(4) स्वीकृत धनराशि का उपयोगिता प्रमाणपत्र / प्रगति आख्या अनिवार्य रूप से उपलबध कराएंगे।

भवदीय,

(सर्वेश कुमार सिंह)
उप सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैवः– R/1212/20 04/09/2020

प्रतिलिपि वित्त अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,

(सर्वेश कुमार सिंह)
उप सचिव।

कार्यालय कुल सचिव, ल० वि० वि०
पत्रांक : R/1212/20 दिनांक 04/09/2020
प्रतिलिपि :– समस्त संकायाध्यक्ष, ल० वि० वि०
2- समस्त विभागाध्यक्ष, ल० वि० वि०
3- समस्त प्रधान, अन्वेषक, तत्काल आ० का० हेतु
4- उप कुल सचिव, प्रोजेक्ट, ल० वि० वि०
5- इ-चार्ज, कम्प्यूटर केन्द्र क: वि० वि० की website पर upload हेतु
04/09/2020
(R)